# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, नामकुम, राँची
JHARKHAND COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD, NAMKUM, RANCHI

## निविदा (नीलामी) के नियम एवं शर्तें :–

1) वाणिज्य कर विभाग द्वारा जारी जी0एस0टी0 नम्बर की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

2) आय कर विभाग द्वारा जारी पैन नम्बर की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

3) बिक्री किये गये कागजों का रीसाइक्लिंग (Recycling) करना अनिवार्य है। अतः निविदादाता द्वारा निविदा समर्पित करने की स्थिति में पेपर मिल से उसके फर्म/प्रतिष्ठान की सम्बद्धता का प्रमाण पत्र एवं रीसाइक्लिंग करने के लिए पेपर मिल से निर्गत वर्त्तमान वित्तीय वर्ष अर्थात् 2023–2024 का सहमति पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

4) कार्य का व्योरा :– विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के पुरानी व्यवहृत एवं अव्यवहृत प्रश्न पुस्तिकायें, व्यवहृत एवं अव्यवहृत ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक, उपस्थिति पत्रक एवं रद्दी लिफाफे तथा Mild Steel बक्से का उठाव पर्षद कार्यालय, राँची से होगा।

5) कार्य सम्पादन की अवधि :– कार्यादेश प्राप्त होने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर सामग्रियों का उठाव करना आवश्यक होगा अन्यथा पर्षद कार्यालय में जमा अग्रधन की राशि से 1,000/– (एक हजार) रू0 प्रति दिन की दर से पेनाल्टी निर्धारित कर राशि कटौती कर ली जाएगी। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, नामकुम, रॉची का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

6) उपरोक्त वर्णित सामग्रियों के उठाव के लिये अग्रधन राशि (EMD) रूपये 1,00,000/– (एक लाख रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट "परीक्षा नियंत्रक, जे0सी0ई0सी0ई0 बोर्ड" (Controller of Examination, JCECE Board) के पक्ष में राँची में भुगतेय तकनीकी बीड के साथ संलग्न कर जमा करना अनिवार्य होगा। तकनीकी बीड के साथ बैंक ड्राफ्ट संलग्न नहीं रहने पर उक्त निविदा प्रपत्र अमान्य मानी जायेगी।

7) निविदादाता द्वारा निम्नांकित आशय का शपथ–पत्र देना अनिवार्य है :–

"This is to certify that the papers and other waste papers obtained from Jharkhand Combined Entrance Competitive Examination Board, Ranchi will be used for making and/or manufacturing of recycled paper/board only. Our/My, Firm/Organization is not blacklisted."

8) नीलामी हेतु प्रस्तावित सामाग्रियों का वजन एवं संख्या कम अथवा ज्यादा हो सकता है।

9) ईच्छुक निविदादाता नीलामी हेतु प्रस्तावित वस्तुओं का निरीक्षण दिनांक–19.08.2023 तक पर्षद कार्यालय में आकर कर सकते हैं।

10) जिस निविदादाता को कार्यादेश देने का निर्णय होगा, उन्हें पर्षद द्वारा निर्धारित तिथि तक पूरी राशि एकमुश्त पर्षद कोष में जमा करना होगा। निर्धारित तिथि तक पूरी राशि जमा नहीं करने पर उन्हें दिया गया कार्यादेश निरस्त कर अग्रधन राशि (EMD) जब्त कर ली जाएगी तथा प्रतिष्ठान को काली सूची में दर्ज कर दूसरी उच्चतम दर उद्धृत (Quote) करने वाले निविदादाता के नाम कार्यादेश निर्गत कर दिया जायेगा।

11) निविदादाता पुराने रद्दी कागज या Mild Steel बाक्स या फिर दोनों सामग्रियों के लिये अलग–अलग निविदा डाल सकते है। दोनों सामग्रियों कि लिए अलग–अलग उच्चतम दर भरने वाले एवं सभी अर्हताओं को पूरा करनेवाले निविदादाता/निविदादाताओं को कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

12) पुराने रद्दी कागज एवं Mild Steel बाक्स का सुरक्षित मूल्य क्रमशः रू0 22.00 प्रति किलोग्राम एवं रू0 245.00 (7 किलोग्राम), रू0 280.00 (8 किलोग्राम) प्रति अद्द है। इससे अधिक दर अंकित करने वाले निविदादाता/ निविदादाताओं का ही वित्तीय बीड मान्य होगा।

13) निर्धारित तिथि एवं समय (दिनांक–22.08.2023 के अपराह्न 1.00 बजे) तक डाक अथवा कुरियर द्वारा प्रेषित निविदा प्रपत्र स्वीकार होंगें। उक्त निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा प्रपत्र पर्षद कार्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

14) यदि किसी निविदादाता द्वारा तकनीकी बीड के लिफाफा में वित्तीय प्रस्ताव रखा जाता है तो ऐसे प्रस्ताव को अमान्य कर दिया जायेगा।

15) निविदा प्रपत्र के सभी पृष्ठ यथा नियम एवं शर्त्तें, तकनीकी बीड एवं वित्तीय प्रस्ताव निविदादाता द्वारा हस्ताक्षरित होना अनिवार्य है।

16) पर्षद के परीक्षा नियंत्रक को एक से अधिक निविदादाताओं को कार्यादेश देने अथवा बिना बताये निविदा रद्द करने का अधिकार पूर्ण सुरक्षित रहेगा।

(323)

# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, नामकुम, राँची
JHARKHAND COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD, NAMKUM, RANCHI

## निविदा प्रपत्र (वित्तीय बीड)

| | |
|---|---|
| 1) निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम :– | **परीक्षा नियंत्रक,** झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, नामकुम, राँची |
| 2) निविदादाता का नाम एवं पता :–<br><br>दूरभाष/मोबाईल नं0 :–<br>ई0मेल :– | |
| 3) पुरानी व्यवहृत एवं अव्यवहृत प्रश्न पुस्तिका, व्यवहृत एवं अव्यवहृत ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक, उपस्थिति पत्रक तथा रद्दी लिफाफे के क्रय के लिये प्रति किलोग्राम दर | रूपये .................................... प्रति किलोग्राम<br><br>(सुरक्षित मूल्यःरू0 22.00 प्रति किलोग्राम) |
| 4) **Mild Steel** बाक्स के क्रय के लिये प्रति अद्द दर | (क) रूपये.................................... प्रति अद्द (7 किलोग्राम वजन वाले के लिये)<br><br>(सुरक्षित मूल्यः रू0 245.00 प्रति अद्द) |
| | (ख) रूपये.................................... प्रति अद्द (8 किलोग्राम वजन वाले के लिये)<br><br>(सुरक्षित मूल्यः रू0 280.00 प्रति अद्द) |

दिनांक :–

निविदादाता का हस्ताक्षर

# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, नामकुम, राँची
JHARKHAND COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD, NAMKUM, RANCHI

निविदा प्रपत्र (तकनीकी बीड)
विज्ञप्ति संख्या – ................/2023

1) निविदादाता का नाम
हिन्दी में :–
अंग्रेजी के बड़े (CAPITAL) अक्षरों में :–
2) निविदादाता के पत्राचार का पूरा पता :– ________________________________
________________________________
________________________________
3) फोन नं0/मो0 नं0 ________________________________
4) ई0 मेल ________________________________
5) अग्रधन (EMD) की राशि
राशि (Amount)............ड्राफ्ट सं0 (Draft No.)..........................
दिनांक (Date) .............भुगतानी बैंक (Payable Bank)..................
6) जी0एस0टी0 नम्बर ________________________________
(स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न की जाय)
7) पैन नम्बर ________________________________
(स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न की जाय)
8) नीलामी निविदा की शर्त्त संख्या– 3 के अनुसार रद्दी कागज विक्रेता की स्थिति में पेपर मिल द्वारा निर्गत सहमति पत्र (मूल रूप में) --------संलग्न / असंलग्न
9) नीलामी निविदा की शर्त्त संख्या–7 के अनुसार शपथ पत्र। --------संलग्न / असंलग्न

## घोषणा

मैं, ..........................................................................................एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सभी कथन सत्य है। कार्यादेश प्राप्त होने की स्थिति में वांछित कार्य पर्षद के नियमानुसार/शर्त्तों के अनुसार ससमय सम्पादित करूँगा/करूँगी। किसी प्रकार की भूल, त्रुटि एवं शर्त्तों के विरूद्ध कार्य सम्पादित होने पर अथवा कोई भी कथन असत्य जाये जाने पर पर्षद द्वारा नियमानुसार लिया गया निर्णय मान्य होगा।

दिनांक – ................................

स्थान – ................................ निविदादाता का हस्ताक्षर